# University in News on 07 November 2021

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि : परीक्षा से चूके सभी विद्यार्थी होंगे प्रोन्नत

माई सिटी रिपोर्टर



### जुटाई जा रही छात्रों की संख्या, कमेटी तैयार करेगी फॉर्मूला

**लखनऊ।** कोरोना की वजह से जिन छात्रों की लविवि की परीक्षा छूट गई है, उनके लिए राहत भरी खबर है। ऐसे छात्रों को लविवि प्रोन्नत करने की योजना बना चुका है और इसके लिए कमेटी का भी गठन कर दिया है जो प्रामोशन का फार्मूला तैयार करेगी। लविवि ऐसे छात्रों की संख्या भी जुटा रहा है।

कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि परीक्षा समिति में इसका निर्णय लिया गया है। कमेटी का भी गठन कर दिया गया है जो प्रमोट करने के लिए फार्मूला तैयार कर रही है। इसी आधार पर औसत अंक देकर छात्रों को प्रमोट कर दिया जाएगा। कोरोना के चलते लविवि ने बहुविकल्पीय प्रश्नों वाली परीक्षा कराई थी, लेकिन कोरोना के चलते कई छात्र परीक्षा देने से चूक गए। कुलपति ने बताया कि विवि के कई विभागों समेत कॉलेजों में भी ऐसे छात्र हैं। अभी निश्चित संख्या की जानकारी नहीं है, करीब एक हजार हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि इनकी परीक्षा कराई जाएगी तो काफी लंबा समय परीक्षा कार्यक्रम में व्यतीत हो जाएगा, इसलिए इन छात्रों को प्रमोट करने की तैयारी है। कुलपति ने बताया कि लविवि पहला विश्वविद्यालय है, जिसने समय पर परीक्षा कराकर, रिजल्ट जारी किया, प्रवेश प्रकिया पूरी की और कक्षाओं का संचालन भी शुरू कर दिया।

आगे भी यह क्रम जारी रहेगा। दिसंबर व जनवरी में प्रथम वर्ष को छोड़ बाकी वर्षों व सेमेस्टर की परीक्षाएं करा दी जाएंगी। लॉ की परीक्षा एक दिसंबर से प्रारंभ हो जाएगी। फरवरी माह में प्रथम वर्ष की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

### महीने के अंतिम सप्ताह में होगा दीक्षांत समारोह

लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी महीने दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। संभवतः महीने के अंतिम सप्ताह में इसका आयोजन हो जाएगा। गत वर्ष की भांति समारोह सीमित छात्र संख्या के साथ कराया जाएगा। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि यूनिवर्सिटी के मेडल दीक्षांत समारोह में मेधावियों को मंच से प्रदान किए जाएंगे। बाकी सभी मेडल संबंधित विभागों में मेधावियों को वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विभागों से छात्रों को मेडल दिए जाने से छात्रों और विभागों के बीच जुड़ाव बढ़ता है। विभाग भी अपने स्तर से उत्कृष्ट कार्यक्रम आयोजित करने का प्रयास करते हैं। दीक्षांत समारोह में मेधावियों को मेडल प्रदान करने के साथ कुछ अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जा सकते हैं। गौरतलब है कि लविवि ने यूनिवर्सिटी स्तर पर दिए जाने वाले मेडल के लिए विभागों से मेधावियों के नाम आमंत्रित किए हैं।

### एमपीएड की मेरिट सूची व सीट आवंटन जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक प्रवेश परीक्षा 2021 के अंतर्गत एमपीएड की प्रोवीजनल पूर्ण मेरिट सूची शनिवार को जारी कर दी। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एमपीएड की सीटों के सापेक्ष मेरिट और छात्रों की ओर से दिए गए विकल्पों के अनुसार सीट आवंटन कर दिया गया है। सीट आवंटन छात्रों के लॉगइन पर भी उपलब्ध है। चयनित छात्रों को 8 नवंबर तक ऑनलाइन फीस जमा करनी होगी। वहीं एमएड की भी मेरिट सूची जारी कर दी गई है। प्रवक्ता ने बताया कि छात्र अपनी रैंक के अनुसार कॉलेज के विकल्प में बदलाव सात नवंबर तक कर सकता है। (माई सिटी रिपोर्टर)

### डॉ. रोली और डॉ. नागेंद्र को पुरस्कार

**लखनऊ।** लविवि के अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. रोली मिश्रा और एप्लाइड इकोनॉमिक्स के डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्य के संयुक्त शोधपत्र को के श्रीनिवासन पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष इंडियन एसोसिएशन फॉर स्टडीज इन पापुलेशन की ओर से दिया जाता है। इस शोधपत्र में भारत और चीन की जनसंख्या वृद्धि, दोनों देशों की जनसंख्या नीति और जनसांख्यिकी लाभांश का देशों की आर्थिक वृद्धि पर प्रभाव देखकर दोनों देशों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## NBT PAGE 7

# एलयू की डॉ. रोली मिश्र और डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्य को मिलेगा के. श्रीनिवासन सम्मान



डॉ. रोली मिश्रा



डॉ. एनके मौर्य

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ यूनिवर्सिटी के अर्थशास्त्र विभाग की शिक्षक डॉ. रोली मिश्र और अप्लाइड अर्थशास्त्र के डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्य को उनके संयुक्त शोध पत्र के लिए के. श्रीनिवासन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इंडियन असोसिएशन फॉर स्टडीज इन पापुलेशन ने इनके शोध पर सहमति जताई है। असोसिएशन हर साल जन सांख्यिकीय तकनीकों और वास्तविक जनसांख्यिकी में अपनी प्रकाशित 'डेमोग्राफी इंडिया' में प्रकाशित होने वाले सर्वश्रेष्ठ शोध कार्य की सराहना करने के लिए देता है। एलयू के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इन शिक्षकों का शोध पत्र 'जनसांख्यिकीय अवसर और आर्थिक विकासः भारत और चीन का एक तुलनात्मक अध्ययन' चयनित किया गया है। इस शोध पत्र में भारत और चीन की जनसंख्या वृद्धि, दोनों देशों की जनसंख्या नीति और जनसांख्यिकी लाभांश का देशों की आर्थिक वृद्धि पर असर देखकर दोनों देशों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। यह शोध पत्र शंघाई, चीन में एशियाई पापुलेशन असोसिएशन में भी प्रस्तुत किया गया था।

## i-NEXT PAGE 5

# एलयू के दो शिक्षकों को सर्वश्रेष्ठ शोध कार्य का पुरस्कार

**LUCKNOW (6 Nov):** एलयू के दो शिक्षकों का चयन के. श्रीनिवासन पुरस्कार के लिए हुआ है. यह पुरस्कार प्रतिवर्ष जनसांख्यिकीय तकनीकों और वास्तविक जनसांख्यिकी पर इंडियन एसोसिएशन फॉर स्टडीज इन पापुलेशन (आईआईएएस) द्वारा प्रकाशित 'डेमोग्राफी इंडिया' में प्रकाशित होने वाले सर्वश्रेष्ठ शोध कार्य के लिए दिया जाता है. पुरस्कार के लिए इस साल एलयू के अर्थशास्त्र विभाग की शिक्षक डॉ. रोली मिश्र और एप्लाइड अर्थशास्त्र के डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्य को उनके संयुक्त शोध पत्र के लिए चुना गया है. 'डेमोग्राफी अपारच्यूनिटी एंड इकोनामिक डेवलपमेंट : ए कंपरिटिव स्टडी आफ इंडिया एंड चाइना' शोध पत्र में भारत और चीन की जनसंख्या वृद्धि पर शोध किया गया.

**यह शोध पत्र शंघाई, चीन में एशियाई पॉपुलेशन एसोसिएशन कांफ्रेंस में भी प्रस्तुत किया गया था.**

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 7

# आठ से शुरू होगी बीएड में सीधे दाखिले के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया

**लखनऊ (एसएनबी)।** प्रदेश के बीएड कॉलेजों में सीधे दाखिले के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया आठ नवम्बर से शुरू होगी। बीएड प्रवेश समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि सीधे प्रवेश कॉलेज स्तर पर केवल बीएड काउंसलिंग पोर्टल से ही किया जाएगा।



काउंसलिंग के इस चक्र में केवल वैध स्टेट-रैंक धारक अभ्यर्थी ही शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस काउंसलिंग में केवल वही अभ्यर्थी हिस्सा ले सकते है, जिन्होंने मुख्य काउंसलिंग में प्रतिभाग नहीं किया या जिन्होंने मुख्य या पूल काउंसलिंग मे हिस्सा लिया था लेकिन उन्हें कोई सीट आवंटित नहीं हो पाई। सीधे प्रवेश के लिए अभ्यर्थी को 750 रुपए का नॉन-रिफंडेबल काउंसलिंग शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा। कॉलेज, लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अभ्यर्थी के विवरण को सत्यापित करेगा और नियमों के अनुसार अभ्यर्थी को सीधे प्रवेश देगा। अभ्यर्थियों की फीस भी कॉलेज स्तर पर ही जमा की जाएगी। कॉलेजों को अभ्यर्थी का सत्यापन जेईई बीएड काउंसलिंग पोर्टल पर अभ्यर्थी के पंजीकृत और वैकल्पिक मोबाइल नंबरों पर भेजे गए ओटीपी को दर्ज करके करना होगा।

### डा. रोली व डा. नागेन्द्र का संयुक्त शोधपत्र पुरस्कार के लिए चयनित

**लखनऊ (एसएनबी)।** संयुक्त शोध पत्र के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की शिक्षिका डा. रोली मिश्र और एप्लाइड अर्थशास्त्र के डा. नागेन्द्र कुमार मौर्य का चयन के. श्रीनिवास पुरस्कार के लिए किया गया है। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष जनसांख्यिकीय तकनीकों और वास्तविक जनसांख्यिकी पर इंडियन एसोसिएशन फार स्टडीज इन पापुलेशन(आईआईएएस) द्वारा प्रकाशित डेमोग्राफी इंडिया में प्रकाशित होने वाले सर्वश्रेष्ठ शोध कार्य की सराहना करने के लिए दिया जाता है।

### लविवि ने जारी की एमपीएड की प्रोविजनल कम्पलीट मेरिट सूची

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 की परास्नातक प्रवेश परीक्षा 2021 प्रवेश के अंतर्गत एमपीएड की प्रोविजनल कम्प्लीट मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। एडमिशन पेज के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम पर मेरिट सूची देखी जा सकती है। एमपीएड की सीटों के सापेक्ष मेरिट एवं अभ्यर्थी के द्वारा दिए गये विकल्पों के अनुसार सीट आवंटन भी कर दिया गया है। आवंटन की सूचना अभ्यर्थियों के लॉगिन पर है।

## JAGRAN CITY PAGE IV

### बीएड में 1.15 लाख सीटें खाली, सीधे प्रवेश कल से

**जासं, लखनऊ:** बीएड में दाखिले के लिए पूल काउंसलिंग के बाद भी एक लाख 15 हजार सीटें खाली हैं। अब इन पर सीधे प्रवेश के लिए आठ नवंबर से काउंसलिंग शुरू होगी। अभ्यर्थी को 750 रुपये काउंसलिंग शुल्क जमा करना होगा। महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अभ्यर्थी के विवरण को सत्यापित करके नियमानुसार प्रवेश देंगे।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2021 की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि काउंसलिंग का यह तीसरा चक्र महाविद्यालय स्तर पर केवल बीएड काउंसलिंग पोर्टल के माध्यम से ही पूरा किया जाएगा। इसमें केवल वैध स्टेट-रैंक धारक अभ्यर्थी ही शामिल हो सकते हैं।

## THE PIONEER PAGE 4

### AWARD

'K Srinivasan Award' is a prestigious award given annually to appreciate research work published in 'Demography India' on demographic techniques and substantive demography. Dr Roli Misra from the department of Economics and Dr Nagendra Kumar Maurya from the department of Applied Economics for their joint paper entitled 'Demographic Opportunity and Economic Development: A Comparative Study of India and China' have been selected for the award for this year for the best technical paper which discusses how population policies and demographic dividend have impacted the economic growth in these two Asian giants. This paper was also presented in Asian Population Association which was held in Shanghai, China.

## AMRIT VICHAR PAGE 5

### शिक्षकों ने बढ़ाया विश्वविद्यालय का मान

**लखनऊ।** श्रीनिवासन पुरस्कार के लिए अर्थशास्त्र विभाग की शिक्षिका डा. रोली मिश्र और एप्लाइड अर्थशास्त्र के डा. नागेन्द्र कुमार मौर्य का चयन संयुक्त शोध पत्र के लिए किया गया है। के श्रीनिवासन पुरस्कार प्रतिवर्ष जनसांख्यिकीय तकनीकों और वास्तविक जनसांख्यिकी पर इंडियन एसोसिएशन फार स्टडीज इन पापुलेशन( आईआईएएस) द्वारा प्रकाशित डेमोग्राफी इंडिया में प्रकाशित होने वाले सर्वश्रेष्ठ शोध कार्य की सराहना को दिया जाता है। चयनित डा. रोली मिश्र और डा. नागेन्द्र कुमार मौर्य के शोध पत्र में जनसांख्यिकीय अवसर और आर्थिक विकास: भारत और चीन का एक तुलनात्मक अध्ययन में भारत और चीन की जनसंख्या वृद्धि, जनसांख्यिकी लाभांश का देशों की आर्थिक वृद्धि पर प्रभाव देख कर तुलनात्मक अध्ययन किया गया है।

### एक पुस्तक जमा करने के बाद ही दूसरी मिलेगी

विश्वविद्यालय के टैगोर लाइब्रेरी में छात्रों को एक पुस्तक जमा करने के बाद ही दूसरी पुस्तक दी जायेगी। इस संबंध में दिशा निर्देश भी जारी किए गये हैं।

### एमपीएड की मेरिट के साथ सीट आवंटन का ब्योरा जारी

**लखनऊ।** सत्र 2021-22 की परास्नातक प्रवेश परीक्षा 2021 प्रवेश के अंतर्गत एमपीएड की प्रोविजनल कम्प्लीट मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। एडमिशन पेज के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम पर मेरिट सूची देखी जा सकती है। एमपीएड की सीटों के सापेक्ष मेरिट एवं अभ्यर्थी के द्वारा दिए गये विकल्पों के अनुसार सीट आवंटन भी कर दिया गया है। आवंटन की सूचना अभ्यर्थी के लॉगिन पर है। चयनित अभ्यर्थियों के लिए फीस जमा करने की अन्तिम तिथि आठ नवम्बर है।

## SWATANTRA BHARAT PAGE 5

# लखनऊ विश्विद्यालय में एमपीएड और एमएड की मेरिट लिस्ट जारी

स्वतंत्र भारत,संवाददाता लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 की पीजीईटी -2021 प्रवेश के अंतर्गत एमपीएड की प्रोविजनल कम्प्लीट मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज के पोस्ट ग्रेजुएशन प्रोग्राम में जारी कर दी गयी है। एमपीएड की सीटों के सापेक्ष मेरिट एवं अभ्यर्थी के द्वारा दिए गये विकल्पों के अनुसार सीट आवंटन कर दिया गया है। आवंटन की सूचना भी अभ्यर्थी के लागइन पर दिनांक 6.11.2021 से उपलब्ध करा दी गयी है । चयनित अभ्यर्थियों को फीस आनलाइन अपनी लागइन के द्वारा जमा करनी होगी। फीस जमा करने की अंतिम तिथि 8 .11.2021 है। इसके अतिरिक्त एमएड की भी ओवरआल प्रोवीजनल कम्प्लीट मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज के पोस्ट ग्रेजुएशन प्रोग्राम में जारी कर दी गयी है। लिस्ट में अभ्यर्थी अपनी रैंक देख सकते है और यदि च्वाइस फिलिंग में वह अपनी कालेज च्वाइस में कोई बदलाव करना चाहते हैं तो दिनांक 7.11.2021 तक वह भी कर सकते है । यदि अभ्यर्थी कोई बदलाव नहीं करता है तो उसके द्वारा की गयी च्वाइस फिलिंग के आधार पर ही सीटों का एलाटमेंट मेरिट के अनुसार किया जाएगा।

# लखनऊ विश्विद्यालय के 2 शिक्षकों को मिला के श्रीनिवासन पुरस्कार

स्वतंत्र भारत,संवाददाता लखनऊ। लखनऊ विश्विद्यालय के अर्थशात्र विभाग की शिक्षक डॉ रोली मिश्र और एप्लाइड अर्थशात्र के डॉ नागेंद्र कुमार मौर्य को उनके संयुक्त शोध पत्र डेमोग्राफिक अपॉर्चुनिटी एंड इकनोमिक डेवलपमेन्ट : अ कंपरेटिव स्टडी ऑफ इंडिया एंड चाइना के लिए के श्रीनिवासन पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। इस शोध पत्र में भारत और चीन की जनसंख्या वृद्धि, दोनों देशों की जनसंख्या नीति और जनसांख्यिकी लाभांश का देशों की आर्थिक वृद्धि पर प्रभाव देख कर दोनों देशों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। यह शोध पत्र शंघाई, चीन में एशियाई पापुलेशन एसोसिएशन कांफ्रेंस में भी प्रस्तुत किया गया था। बताते चलें के श्रीनिवासन पुरस्कार प्रतिवर्ष जनसांख्यिकीय तकनीकों और वास्तविक जनसांख्यिकी पर इंडियन एसोसिएशन फॉर स्टडीज इन पापुलेशन द्वारा प्रकाशित डेमोग्राफी इंडिया में प्रकाशित होने वाले सर्वश्रेष्ठ शोध कार्य की सराहना करने के लिए दिया जाता है।

## TOI PAGE 4

# 2 LU profs honoured for research

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Two faculty members of the Lucknow University have bagged the prestigious K Srinivasan Award conferred annually to recognize research work on demographic techniques and substantive demography that is published in 'Demography India' each year.

Assistant professor Nagendra Kumar Maurya of the department of applied economics and assistant professor Roli Misra of the economics department were awarded for their joint research work titled, 'Demographic opportunity and economic development: A comparative study of India and China'.

The research paper has been selected as the best technical paper that discusses how population policies and demographic dividend have affected economic growth in these two Asian giants. This paper was also presented during the Asian Population Association event held in Shanghai, China.

# 20 city scientists make it to Stanford Univ list

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Bringing laurels to the city, around 20 scientists from Lucknow have figured among the top 2% scientists from India in the world database created by US-based Stanford University.

The report was prepared by Prof John PA Loannidis of Stanford University and his team and published by Elsevier. Scientists working in areas such as chemistry, nanoscience, mechanical engineering, material science, bioinformatics, automation, energy, geology and environmental engineering feature on the list.

Of 1,86,177 scientists featured in the list, 2,042 were from India.

As many as eight scientists from CSIR Central Drug Research Institute and two serving scientists from the National Botanical Research Institute figured in the database. From CDRI scientists: Shrikant R Mulay, Atul Kumar, Koneni V Sashidhara, Prabhat Ranjan Mishra, Manish K Chourasia, Rakesh Maurya, AK Saxena and Prem MS Chauhan figured in the list, whereas from NBRI, BN Singh and Debasis Chakraborty made it to the top 2%.

Meanwhile, three professors cum scientists from Lucknow University and six doctors from KGMU also found the place in the global database. From LU, renowned zoologist Prof Omkar, Prof CR Gautam from the physics department and a faculty in the chemistry department Abhinav Kumar made it to the database.

From KGMU, head neurology Prof RK Garg, head pediatrics department Prof Shaily Awasthi, associate professor at psychiatry department, Sujit Kumar Kar, head microbiology department Prof Amita Jain, associate professor Santosh Kumar of respiratory medicine department, and former HOD microbiology department Prof UC Chaturvedi have been featured in the list.